# क्रांतिसूर्य टंट्या भील विश्वविद्यालय खरगोन (म.प्र.)

**Website - ktbuniv.ac.in**
**E-Mail - ktbuniv@gmail.com**

विश्वविद्यालय भवन,
खरगोन : 451001

क्रमांक/...88...../परीक्षा/2026/ दिनांक :18/02/26

## //संशोधित अधिसूचना//

क्रांतिसूर्य टंट्या भील विश्वविद्यालय खरगोन द्वारा महाविद्यालयों में संचालित सत्र 2025-26 की **एम.ए./एम.कॉम./एम.एस.सी प्रथम सेमेस्टर (द्विवर्षीय पाठ्यक्रम) के नियमित/स्वाध्यायी तथा एम.एच.एस.सी/एम.एस.डब्ल्यू. (M.S.W.) प्रथम सेमेस्टर (द्विवर्षीय पाठ्यक्रम) के नियमित विद्यार्थियों की परीक्षाएं** माह फरवरी 2026 में होना प्रस्तावित हैं। परीक्षार्थियों द्वारा परीक्षा आवेदन-पत्र ऑनलाईन/ महाविद्यालयों में प्रस्तुत करने की एवं महाविद्यालय द्वारा विश्वविद्यालय में आवेदन-पत्र प्रस्तुत करने की तिथि तथा परीक्षा शुल्क/विलम्ब शुल्क की राशि निम्नानुसार निर्धारित की जाती है :-

| क्र. | शुल्क विवरण | छात्र द्वारा महाविद्यालय में परीक्षा आवेदन-पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | महाविद्यालय द्वारा परीक्षा आवेदन पत्र विश्वविद्यालय कार्यालय में प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | बिना विलम्ब शुल्क | दिनांक 18.02.2026 तक | परीक्षा प्रारंभ होने के तीन दिवस पूर्व तक |
| 2 | विलम्ब शुल्क रू. 100/- सहित | दिनांक 19.02.2026 से 21.02.2026 तक | |
| 3 | कुलगुरू महोदय की विशेष अनुमति से विलम्ब शुल्क रू. 750/- सहित | दिनांक 22.02.2026 से 23.02.2026 तक | |
| 4 | परीक्षा प्रारंभ होने से तीन दिवस पूर्व तक कुलगुरू महोदय की विशेष अनुमति से विशेष विलंब शुल्क राशि रू. 2000/- सहित | | महाविद्यालय प्रत्येक दिवस में प्राप्त आवेदनों को विश्वविद्यालय को भेजेंगे। |

**नोट :- परीक्षा आवेदन पत्र जमा करने संबंधी आवश्यक दिशा निर्देश -**

1. निर्धारित तिथि तक ऑनलाईन आवेदन पत्र प्रस्तुत न करने पर अगर कोई विद्यार्थी परीक्षा से वंचित रहता है तो उसका समस्त उत्तरदायित्व संबंधित विद्यार्थी का होगा।
2. महाविद्यालयों को स्पष्ट निर्देश है कि परीक्षार्थियों के परीक्षा आवेदन पत्र ऑनलाईन प्रक्रिया के तहत ही भरवायें।
3. स्वाध्यायी/असंस्थागत परीक्षार्थी केवल उन्हीं महाविद्यालयों में परीक्षा आवेदन प्रस्तुत करेगें, जिसमें संबंधित विषय का नियमित अध्यापन होता है। यदि कोई महाविद्यालय जिसमें संबंधित विषय का अध्यापन नही हो रहा है व महाविद्यालय द्वारा अप्रुव किया जाता है, तो विश्वविद्यालय द्वारा विद्यार्थी के आवेदन को निरस्त कर दिया जावेगा। जिसका संपूर्ण उत्तरदायित्व संबंधित महाविद्यालय एवं विद्यार्थी का होगा।

| | |
|---|---|
| एम.ए. प्रथम सेमेस्टर नियमित विद्यार्थियों हेतु परीक्षा शुल्क - | 1370/- |
| एम.ए. प्रथम सेमेस्टर स्वाध्यायी विद्यार्थियों हेतु परीक्षा शुल्क - | 1470/- |
| एम.एस.सी. प्रथम सेमेस्टर नियमित विद्यार्थियों हेतु परीक्षा शुल्क - | 1370/- |
| एम.एस.सी. प्रथम सेमेस्टर स्वाध्यायी विद्यार्थियों हेतु परीक्षा शुल्क - | 1470/- |
| एम.कॉम प्रथम सेमेस्टर नियमित विद्यार्थियों हेतु परीक्षा शुल्क - | 1370/- |

निरंतर......(2)

| | |
|---|---|
| एम.कॉम प्रथम सेमेस्टर स्वाध्यायी विद्यार्थियों हेतु परीक्षा शुल्क – | 1470/- |
| एम.एस.डब्ल्यू. प्रथम सेमेस्टर नियमित विद्यार्थियों हेतु परीक्षा शुल्क – | 1370/- |
| एम.एच.एस.सी. प्रथम सेमेस्टर नियमित विद्यार्थियों हेतु परीक्षा शुल्क – | 1370/- |
| एम.एस.सी. सीड टेक्नोलॉजी, माइक्रोबायलॉजी, बायोटेक्नोलॉजी नियमित विद्यार्थियों हेतु परीक्षा शुल्क – | 1570/- |
| एम.एस.सी. कंप्यूटर साईंस नियमित विद्यार्थियों हेतु परीक्षा शुल्क – | 3768/- |

आदेशानुसार

परीक्षा प्रभारी

क्रमांक/...89...../परीक्षा/2026/ दिनांक :..18/02/26

प्रतिलिपि :–

1. श्रीमान सम्पादक महोदय, दैनिक ................................................................ की ओर भेजकर निवेदन है कि वे इस समाचार को अपने लोकप्रिय समाचार पत्र में समाचार में वृत्त के रूप में निःशुल्क प्रकाशित कर अनुग्रहीत करें।
2. अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा विभाग, इंदौर संभाग इंदौर।
3. प्रधानाचार्य/प्रधानाचार्या समस्त संबद्ध महाविद्यालय, जिला खरगोन, खण्ड़वा, बड़वानी, अलीराजपुर एवं बुरहानपुर, क्रांतिसूर्य टंट्या भील विश्वविद्यालय खरगोन की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यावाही हेतु इस निवेदन के साथ अग्रेषित कि वे उपरोक्त कॉलम चार में दर्शायी तिथि को परीक्षा आवेदन–पत्र विश्वविद्यालय में अनिवार्य रूप से जमा करवायेंगे। निर्धारित तिथि के बाद विश्वविद्यालय को कॉलम दो के शुल्क के साथ आवदेन–पत्र मान्य नहीं करेगा।
4. परीक्षा नियंत्रक, क्रांतिसूर्य टंट्या भील विश्वविद्यालय खरगोन।
5. समस्त अधिकारी, अनुभाग अधिकारी, गोपनीय/परीक्षा/प्रशासन/विकास/केंद्रीय कार्यालय शैक्षणिक/मुद्रणालय/भण्डार/केन्द्रीय कार्यालय क्रांतिसूर्य टंट्या भील विश्वविद्यालय खरगोन।
6. कुलगुरुजी के निज सचिव/कुलसचिव के निज सहायक, क्रांतिसूर्य टंट्या भील विश्वविद्यालय खरगोन।
7. अधिष्ठाता, छात्र–कल्याण/निदेशक महाविद्यालयीन विकास परिषद, क्रांतिसूर्य टंट्या भील विश्वविद्यालय खरगोन।
8. पूछताछ कक्ष की ओर सूचनार्थ अग्रेषित।
9. प्रभारी नेट आई.टी.सेंटर, क्रांतिसूर्य टंट्या भील विश्वविद्यालय खरगोन।
10. प्रभारी एम.पी. ऑनलाईन, क्रांतिसूर्य टंट्या भील विश्वविद्यालय खरगोन।
11. प्रभारी केन्द्रीय मूल्यांकन केन्द्र, क्रांतिसूर्य टंट्या भील विश्वविद्यालय खरगोन।
12. शाखा प्रवंधक, संबंधित बैंक ................................................................ खरगोन की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(विरेन्द्र उचवारे)
सहायक कुलसचिव